# समाचार वाणी
## ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# यूरोपीय यूनियन से आयात पर 50%, iPhone समेत सभी विदेशी स्मार्टफोन पर 25% टैरिफ… ट्रंप की धमकी ने फिर बढ़ाई टेशंन।


Publisher

Published on 24 May 2025




## डोनाल्ड ट्रंप ने एक जून से EU पर 50% और विदेशी स्मार्टफोन पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया, Apple समेत वैश्विक बाजार मे मंचा हड़कंप।

**वॉशिंगटन | 24 मई 2025** — अमेरिका के पूर्व **राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप** ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एक बार फिर हलचल मचा दी है। ट्रंप ने एक जून 2025 से **यूरोपीय यूनियन (EU)** से आयातित सभी उत्पादों पर **50% टैरिफ** और **iPhone** समेत सभी विदेशी स्मार्टफोन पर **25% टैरिफ** लगाने की धमकी दी है। इस फैसले से अमेरिका और यूरोप के व्यापारिक संबंधों में नई तल्ख़ी पैदा हो गई है।

**ट्रंप की चेतावनी और Apple पर सीधा असर**
ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, "हमारी बातचीत कहीं नहीं पहुंच रही है और EU हमारे उत्पादों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार कर रहा है।" उन्होंने साफ तौर पर **Apple** के **CEO टिम कुक** को चेतावनी दी कि "या तो **Apple अमेरिका मे ं निर्माण करे या फिर 25% टैक्स** चुकाए।"

इस धमकी का सीधा असर Apple के शेयरों पर पड़ा, जो 3% तक गिर गए। विश्लेषकों के अनुसार, टैरिफ लागू होने पर **iPhone** जैसे **प्रीमियम स्मार्टफोन** और भी मंहगे हो जाएंगे जिससे अमेरिकी बाजार में मांग घट सकती है।

**EU की प्रतिक्रिया और बढ़ती वैश्विक चिंता**
**EU व्यापार प्रमुख मारोस सेफकोविक** ने इस पर शांति और आपसी सम्मान की अपील की है, वहीं **डच प्रधानमंत्री डिक शूफ** ने

ट्रंप की रणनीति को "**धमकी के सहारे सौदेबाजी**" करार दिया। अगर EU पर **50% टैरिफ** लागू होता है तो इससे **कार, फार्मा, विमान** और **एयरक्राफ्ट पार्ट्स** जैसी कई अहम वस्तुएं महंगी हो जाएंगी। इसका सीधा असर अमेरिकी ग्राहकों पर भी पड़ेगा।

## बाजार मे हंलचल, सोने की कीमतों मे उंछाल

इस घोषणा के बाद **अमेरिकी** और **यूरोपीय शेयर** बाजारों में गिरावट दर्ज की गई है। दूसरी ओर, सोने की कीमतों में तेजी देखी गई है। ब्लूमबर्ग के वित्तीय विशेषज्ञों के अनुसार, "**ग्लोबल मार्केट** धीरे-धीरे स्थिर हो रहा था लेकिन ट्रंप की धमकी से अस्थिरता फिर लौट आई है।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.